राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर

जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर **302004**

फोन नं. 2708824, PBX No. 2711070 Ext No. - 2162 (for Post-Graduate)

Web site- www. uniraj. ac. in, Email. <examcontrolleruor@gmail.com>

निदेशक / विभागाध्यक्ष / प्राचार्य,
सम्बन्धित विभाग / महाविद्यालय,
राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर

क्रमांक– परीक्षा 5–ब / 2024 / 　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांकः

महोदय / महोदया,

कार्यालय विज्ञप्ति क्रमांक परीक्षा / 2024 / 2484–2500 दिनांक 13.11.2024 के द्वारा Ord. 199 F-3 (j) Grading/Non-Grading Scheme Semester आधारित सभी (कला / विज्ञान / वाणिज्य) स्नातकोत्तर / व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के I, III, V, VII, IX Semester परीक्षा दिसम्बर–2024 के परीक्षा आवेदन पत्र ऑनलाईन वेब साइड **www.univraj.org** के माध्यम से सामान्य शुल्क सहित दिनांक 14.11.2024 से 25.11.2024 तक निर्धारित प्रक्रियानुसार भरे जाने है।

उक्त पाठ्यक्रमों के परीक्षा आवेदन पत्र ऑनलाईन विश्वविद्यालय वेबसाईट www.univraj.org से भरने से पूर्व कार्यालय पत्र परीक्षा 6–अ / 2024 / 1768 दिनांक 16.10.2024 के अनुसरण में विश्वविद्यालय पोर्टल पर नव प्रवेशित परीक्षार्थियों की CSV File संबंधित विभाग / महाविद्यालय द्वारा अपलोड किया जाना प्रक्रियान्तर्गत है तथा तदनुसार सभी परीक्षार्थियों के अपनी ABC ID के माध्यम से ऑनलाईन परीक्षा फार्म भरे जाने के पश्चात् Ord. 199 F-3 (j) Grading/Non-Grading Scheme Semester के तहत 75% उपस्थिति, सतत मूल्यांकन (Continuous Assessment) में न्यूनतम अंक अर्जित करने वाले पात्र विद्यार्थियों के परीक्षा आवेदन पत्रों मय समस्त आवश्यक शैक्षणिक एवं अन्य दस्तावेज (पूर्व में उत्तीर्ण / अनुत्तीर्ण समस्त अंकतालिकाऐं इत्यादि) सहित सभी आवश्यक पूर्ति कर योग्य छात्रों की सूची सहित परीक्षा अनुभाग 5–ब कमरा नं. 127 (स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम), तथा कमरा नं. 131 परीक्षा 5–अ (व्यावसायिक पाठ्यक्रम) में समस्त परीक्षा आवेदन पत्रों को कृपया संबंधित निदेशक / विभागाध्यक्ष / प्राचार्य द्वारा ऑनलाईन प्रक्रियानुसार जॉच कर तद्नुसार वेबसाईट पर सत्यापन कर जनरेटेड Nominal Roll अनुसार दिनांक 30.11.2024 तक निश्चित रूप से अग्रेषित किये जाने का श्रम करें।

ह०

परीक्षा नियंत्रक

क्रमांक– परीक्षा 5–ब / 2024 / 2524–30 　　　　　　　　　　　　दिनांकः 14-11-24

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:–

1. निदेशक, मानविकी पीठ / सामाजिक विज्ञान / पी.जी. स्कूल ऑफ वाणिज्य / गॉधी अध्ययन केन्द्र / प्राचार्य, सम्बन्धित महाविद्यालय एवं संबंधित विभागाध्यक्ष, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर को भेजकर लेख है कि समस्त विद्यार्थियों को अपने स्तर पर सूचित करें।
2. निदेशक, इन्फोनेट, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर को भेजकर निवेदन है कि उक्त को वि.वि. वेबसाइट पर अपलोड करवाने का श्रम करें।
3. निजी सचिव, कुलपति / कुलसचिव, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
4. उप कुलसचिव / सहायक कुलसचिव, गोपनीय अनुभाग, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
5. सम्बन्धित कम्प्युटर फर्म को इस आशय के साथ प्रेषित है कि उक्तानुसार भरे गये परीक्षा आवेदन पत्रों को संबंधित विभाग / महाविद्यालय द्वारा ऑनलाईन प्रक्रियानुसार सत्यापन की प्रक्रिया का संचालन किया जाना सुनिश्चित करें।